# झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग

चायबगान, कालीनगर, नामकोम, राँची–834010.
e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

# विवरणिका

## विज्ञापन संख्या–04/2018

{झारखण्ड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा–2018}

**Jharkhand Excise Constable Competitive Examination-2018**

## {JECCE-2018}

**1.** कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक– 11/क0च0आ0–16–04/2013 का0–295 (अनु0) दिनांक–10.01.2018 के द्वारा अग्रसारित उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के पत्रांक–2315 दिनांक–22.12.2017 द्वारा संसूचित रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति के लिए झारखण्ड राज्य के स्थानीय सुयोग्य उम्मीदवारों के चयन हेतु विहित प्रपत्र में **उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा–2018** के लिये **ऑन–लाईन (Online)** आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते हैं। उम्मीदवार अर्हतानुसार निम्नांकित शैक्षणिक योग्यता तथा निर्धारित आयु सीमा के अन्तर्गत आवेदन दे सकते है। ऑन–लाईन (Online) आवेदन आयोग के वेबसाईट– **www.jssc.nic.in** पर लॉग–ईन करके दिनांक 26.12.2018 के पूर्वाहन् 11:00 बजे से दिनांक 09.02.2019 की मध्य रात्रि तक समर्पित किया जा सकता है। तदुपरान्त लिंक परीक्षा शुल्क भुगतान तथा फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए क्रमशः 13.02.2019 एवं 16.02.2019 तक उपलब्ध रहेगा।

**2. झारखण्ड राज्य के उत्पाद सिपाही के पद पर नियुक्ति हेतु रिक्तियों की विवरणी :–**

| क्र॰ सं॰ | सेवा का नाम विभाग का नाम | पदनाम | आरक्षण कोटि | | क्षैतिज आरक्षण के तहत पदों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | आरक्षित कोटि की रिक्तियों के विरूद्ध आरक्षित वर्ग की महिला | अ॰ज॰जा॰ की रिक्ति के अधीन आदिम जनजाति |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के विभाग के तहत उत्पाद सिपाही सम्वर्ग | उत्पाद सिपाही | 1.अनारक्षित/सामान्य | 264 | 13 | **अ॰ज॰जा॰ कोटि की रिक्ति का 2 प्रतिशत पद** |
| | | | 2.अनुसूचित जनजाति | 138 | | |
| | | | 3.अनुसूचित जाति | 50 | | |
| | | | 4.अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) | 22 | | |
| | | | 5.पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2) | 44 | | |
| | | | **योग :–** | **518** | **13** | |

**टिप्पणीः**(i). कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक 1182 दिनांक 13.02.2018 के आलोक में महिलाओं को अनुमान्य क्षैतिज आरक्षण की गणना आरक्षित वर्ग की कुल रिक्तियों के सापेक्ष की गई है।

(ii) अनुसूचित जन जाति के लिए विज्ञापित रिक्ति में से 2 (दो) प्रतिशत रिक्तियाँ आदिम जन जाति के अभ्यर्थियों के लिए क्षैतिज आरक्षण के तहत अनुमान्य होगी। आदिम जन जाति के योग्य उम्मीदवारों के उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में उक्त रिक्ति अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों द्वारा भरी जायेगी। आदिम जनजाति कोटि का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को विवरणिका की कंडिका **8(III) (i)**, यथा विवरणिका के परिशिष्ट–I पर धारित विहित प्रपत्र में प्राप्त प्रमाण पत्र की संख्या एवं तिथि ऑन लाईन आवेदन पत्र में प्रविष्ट करना होगा।

(iii) उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की अधिसूचना संख्या 1809 दिनांक 05.10.2017 के द्वारा उत्पाद सिपाही की नियुक्ति को निःशक्तजनों के लिए 3 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण से मुक्त किया गया है।

3. **पात्रताः–**

क) उपर्युक्त कंडिका–2 में वर्णित पदों पर झारखण्ड राज्य के **स्थानीय निवासी अभ्यर्थी ही आवेदन देने के पात्र हैं।** अतः विवरणिका के परिशिष्ट–III पर दिये गये प्रपत्र में आवेदन पत्र समर्पित करने की तिथि तक आरक्षित एवं अनारक्षित दोंनों कोटि के अभ्यर्थियों को स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र धारित करना अनिवार्य है।

ख) **परीक्षा के लिए आवेदन देने के पूर्व अभ्यर्थी यह पूर्णतः सुनिश्चित हो लें कि वे विज्ञापित पद की शैक्षणिक योग्यता, न्यूनतम/अधिकतम आयु सीमा, आरक्षण की कोटि, स्थानीय निवासी, इत्यादि से सम्बन्धी पात्रता के विषय पर प्रकाशित सभी शर्त्तों को पूरा करते हैं।**

ग) परीक्षा में बैठने की अनुमति पूर्णतः औपबन्धिक होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र निर्गत होना प्रमाणित नही करता है कि अभ्यर्थी विज्ञापित पद पर नियुक्ति के लिए चयन हेतु निर्धारित पात्रता पूरी करते हैं क्योंकि आयोग मुख्य परीक्षा के उपरान्त संक्षिप्त सूची (Shortlisted) के अभ्यर्थियों की शारीरिक एवं चिकित्सीय जाँच के उपरान्त उनके पात्रता से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की प्रारम्भिक जाँच कर सकता है। निर्धारित शारीरिक जाँच/चिकित्सीय जाँच/ प्रमाण पत्रों की जाँच कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने पर सम्बन्धित अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी। प्रमाण पत्रों के जाँच के क्रम में आवेदन में भरे गये आरक्षण दावे/पात्रता सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर यथा स्थिति आरक्षण का लाभ अनुमान्य नहीं होगा/अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी।

4. कंडिका– 2 में वर्णित पद का वेतनमान एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नवत् हैः–

| **क्रम सं०** | **पदनाम** | **वेतनमान** | **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को)** |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** |
| **1** | उत्पाद सिपाही | वेतन बैंड पी0बी0I– रू0 5200–20200 ग्रेड वेतन– रू0 1900/– (अपुनरीक्षित) | भारत के अन्दर मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक/दसवीं स्तर उर्त्तीण। |

5. **शारीरिक योग्यता :–**

**उत्पाद सिपाही के लिए**

| क्रमांक | आरक्षण कोटि | ऊँचाई (से0मी0) | सीना (से0मी0) |
|---|---|---|---|
| **1.** | अनारक्षित | न्यूनतम 160 | न्यूनतम 81 |
| **2.** | अनुसूचित जनजाति | न्यूनतम 155 | न्यूनतम 79 |
| **3.** | अनुसूचित जाति | न्यूनतम 155 | न्यूनतम 79 |
| **4.** | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) | न्यूनतम 160 | न्यूनतम 81 |
| **5.** | पिछड़ा वर्ग (अनुसूची –2) | न्यूनतम 160 | न्यूनतम 81 |
| **6.** | महिला | न्यूनतम 148 | – |

6.0 **अभ्यर्थियों के शारीरिक बनावट में मुड़ा घुटना, धनु पैर, समतल पैर, स्पीत शिरा, ऊँगलियों का उचित ढंग से नहीं घुमना, दृष्टिदोष, कलर ब्लाईडनेश (Colour Blindness) / रतौंधी (Night Blindness), Hearing, Stammering, Bericocele/ Hydrocele/ Piles और Any Communicable Physical/ Mental disease आदि की चिकित्सीय परीक्षण की जायेगी।**

**7.0** **<u>उम्र सीमा</u>**:– उम्र की गणना दिनांक– 01.08.2018 के आधार पर की जायेगी।

| **क्र॰ सं॰** | **वर्ग** | **न्यूनतम उम्र सीमा** | **अधिकतम उम्र सीमा** |
|---|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित / सामान्य | 18 वर्ष | 25 वर्ष |
| 2. | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची– 1) एवं पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2)– (पुरूष) | 18 वर्ष | 27 वर्ष |
| 3. | अनारक्षित / अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) / पिछड़ा वर्ग (अनुसूची– 2) की महिला | 18 वर्ष | 28 वर्ष |
| 4. | अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति (पुरूष एवं महिला) | 18 वर्ष | 30 वर्ष |

**8.0** **आरक्षण :**

(I) आवेदन में नियत प्रविष्टि के अधीन इंगित आरक्षण का दावा नहीं करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। आरक्षण का दावा करने पर यह माना जाएगा कि अभ्यर्थी द्वारा दावा किये गए आरक्षण कोटि का सक्षम स्तर से निर्गत प्रमाण पत्र धारित किया जाता है।

(II) विज्ञापन प्रकाशन की तिथि तक झारखण्ड सरकार द्वारा लागू आरक्षण सम्बन्धी सभी नियम प्रभावी होंगे। आरक्षण का दावा करने वाले झारखण्ड के स्थानीय निवासी उम्मीदवार को निम्न प्रमाण–पत्र आयोग द्वारा प्रमाण–पत्रों की जाँच के अवसर पर समर्पित करना अनिवार्य होगा:–

(i) जाति प्रमाण पत्र– जिला / अनुमंडल के उपायुक्त / अनुमण्डल पदाधिकारी से विहित–प्रपत्र {अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लिए **<u>परिशिष्ट–I पर अंकित प्रपत्र</u>** तथा अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1 एवं 2) के लिए **<u>परिशिष्ट–II पर अंकित प्रपत्र</u>**} में निर्गत जाति प्रमाण–पत्र।

(ii) अत्यंत पिछड़ा वर्ग अनुसूची–1 एवं पिछड़ा वर्ग अनुसूची–2 के लिए दिनांक 31.03.2017 के पश्चात् विहित–प्रपत्र **<u>(परिशिष्ट–II पर अंकित प्रपत्र)</u>** में निर्गत जाति प्रमाण पत्र मान्य होगा।

(iii) आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को ऑन लाईन **आवेदन पत्र में जाति प्रमाण पत्र की संख्या, इसके निर्गम की तिथि तथा उस प्रमाण पत्र को निर्गत करने वाले प्राधिकार का पद नाम अनिवार्य रूप से अंकित करना होगा। <u>इन प्रमाण पत्रों की जाँच तद्हेतु निर्धारित कार्यक्रम में आयोग द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर आवेदन पत्र में भरे गये प्रमाण पत्रों को अनिवार्य रूप से जाँच हेतु प्रस्तुत करना होगा।</u>**

(iv) स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक 4650 दिनांक 02.06.2016 द्वारा निर्धारित प्रपत्र (परिशिष्ट–III पर अंकित प्रपत्र) में अनुमण्डल पदाधिकारी के स्तर से निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र मान्य होगा **एवं अनिवार्य रूप से इस प्रमाण पत्र की संख्या तथा तिथि आवेदन में अंकित करना होगा तथा इस प्रमाण पत्र को प्रमाण पत्रों के सत्यापन कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना होगा।**

**<u>नोटः</u>(क)** स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र का प्रपत्र परिशिष्ट के रूप में विवरणिका में संलग्न है। आवेदक उपर्युक्त प्रपत्रों में सक्षम स्तर से प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरान्त ही ऑन लाईन आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करे तथा ऑन लाईन आवेदन प्रपत्र में यथा स्थान अपने जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की संख्या एवं निर्गम तिथि दर्ज करें। उक्त प्रमाण पत्रों की मांग आयोग आवश्यकतानुसार कभी भी कर सकता है।

**(ख)** सक्षम स्तर से भिन्न स्तर एवं विवरणिका के परिशिष्ट–I, परिशिष्ट–II एवं परिशिष्ट–III पर अंकित प्रपत्र से भिन्न प्रपत्र में निर्गत जाति प्रमाण पत्र/ स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा तथा ऐसे प्रमाण पत्रों के आधार पर भरे गये आवेदन पत्र नियुक्ति प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रद्द किये जा सकते है, जिसके लिए संबंधित आवेदक स्वयं उतरदायी होगे।

## 9. <u>परीक्षा का स्वरूप</u>

**9.1 परीक्षा का स्वरूप एवं पाठ्यक्रम** :– परीक्षा निम्नलिखित तीन चरणों में ली जायेगीः–

**(क)** लिखित परीक्षा

**(ख)** शारीरिक जाँच परीक्षा

**(ग)** चिकित्सीय जाँच परीक्षा

**9.2** क) सर्वप्रथम अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा ली जायेगी जिसमें सफल होना अनिवार्य होगा।

ख) लिखित परीक्षा के आधार पर मेधाक्रमानुसार आरक्षण कोटिवार रिक्तियों की संख्या के तीन गुणा अभ्यर्थियों का चयन शारीरिक जाँच परीक्षा तथा चिकित्सीय जाँच परीक्षा के लिए किया जायेगा तथा इन अभ्यर्थियों की सूची उत्पाद आयुक्त, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड, राँची को शारीरिक जाँच परीक्षा के आयोजन हेतु भेज दी जायेगी। तदुपरान्त उत्पाद आयुक्त, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा गठित चयन पर्षद के माध्यम से इन अभ्यर्थियों की शारीरिक जाँच परीक्षा की जायेगी। शारीरिक जाँच परीक्षा अर्हक (Qualifying) परीक्षा है, जिस में कोई अंक देय नहीं होगा। शारीरिक जाँच परीक्षा से असंतुष्ट अभ्यर्थी उक्त परीक्षा की तिथि को ही अपीलीय प्राधिकार के समक्ष अपील कर सकते हैं। अपीलीय प्राधिकार का निर्णय अंतिम होगा।

ग) लिखित एवं शारीरिक जाँच परीक्षा में योग्य पाये गये अभ्यर्थियों की चिकित्सीय जाँच परीक्षा एतदहेतु गठित चिकित्सा पर्षद द्वारा की जायेगी। चिकित्सा पर्षद के निर्णय के विरूद्ध अपील के लिए Apex Medical Board गठित किया जायेगा। चिकित्सीय परीक्षण के सम्बन्ध में Apex Medical Board का निर्णय अंतिम होगा।

घ) शारीरिक जाँच परीक्षा तथा चिकित्सीय जाँच परीक्षा में योग्य एवं अयोग्य अभ्यर्थियों की सूची आयोग को चयन पर्षद द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी।

ड़) उत्पाद सिपाही के पद पर नियुक्ति हेतु गठित मेधा सूची में स्थान पाने के लिए अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में आरक्षण कोटिवार निर्धारित न्यूनतम अहर्तांक [यथा विवरणिका की कंडिका 10(i)] प्राप्त करना, शारीरिक जाँच परीक्षा तथा चिकित्सीय जाँच परीक्षा में उतीर्ण होना अनिवार्य होगा।

च) **आयोग द्वारा लिखित परीक्षा के आधार पर शारीरिक जाँच परीक्षा तथा चिकित्सीय जाँच परीक्षा में योग्य पाये गये अभ्यर्थियों की मेधासूची गठित की जायेगी तथा उनके प्रमाण पत्रों का सत्यापन करते हुए परीक्षाफल प्रकाशित किया जायेगा। इस क्रम में पद रिक्त रह जाने की स्थिति में आयोग पुनः अपेक्षित संख्या में लिखित परीक्षा के मेधाक्रम में नीचे के अभ्यर्थियों की सूची शारीरिक जाँच परीक्षा/चिकित्सीय जाँच परीक्षा के आयोजन हेतु चयन पर्षद को उपलब्ध करायेगा। मेधाक्रम में नीचे के अभ्यर्थियों के चयन के क्रम में अधोलिखित कंडिका 10 (i) में प्रावधानित न्यूनतम अर्हतांक का अनुपालन किया जायेगा।**

9.3 लिखित परीक्षा :– लिखित परीक्षा में निम्नलिखित तीन पत्र होंगे। **प्रत्येक पत्र की परीक्षा की अवधि दो घंटे की होगी। तीनों ही पत्रों के प्रत्येक प्रश्न तीन अंक के होंगे। सही उत्तर के लिए तीन अंक प्रदान किये जायेंगे एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक की कटौती की जाएगी। तीनों पत्रों के सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर आधारित होंगे।**

**(I)** **पत्र 1 – विषय : (भाषा ज्ञान)**

| | | |
|---|---|---|
| (क) हिन्दी भाषा ज्ञान | – | 80 प्रश्न |
| (ख) अंग्रेजी भाषा ज्ञान | – | 40 प्रश्न |
| **कुल** | – | **120 प्रश्न** |

इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 30 प्रतिशत न्यूनतम अर्हतांक निर्धारित रहेगा। न्यूनतम अर्हतांक से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए चयन हेतु असफल/अयोग्य माने जाएंगे। प्राप्त अंक मेधा निर्धारण के लिए नहीं जोड़ा जायेगा।

**(II)** **पत्र 2 – (क्षेत्रीय /जनजातीय अन्य भाषा ज्ञान)**

हिन्दी/ अंग्रेजी/ उर्दु/ संथाली/ बंगला/ मुण्डारी (मुण्डा)/ हो/ खड़िया/ कुडूख (उराँव)/ कुरमाली/ खोरठा/ नागपुरी/ पंचपरगनीया/ उड़िया/ संस्कृत में से किसी एक भाषा की परीक्षा विकल्प के आधार पर अभ्यर्थी दे सकेगे। इस परीक्षा में संबंधित भाषा के एक सौ (100) बहुविकल्पीय उत्तर आधारित प्रश्न पूछे जायेगे।

**(III)** **पत्र :– 3**

**इस पत्र में पूछे जाने वाले प्रश्नों की संख्या** 120 (एक सौ बीस) होगी **एव विषय** तथा प्रश्नों की संख्या **अधोलिखित होगी:–**

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य अध्ययन | – | 40 प्रश्न |
| झारखण्ड राज्य से संबंधित ज्ञान | – | 50 प्रश्न |
| सामान्य विज्ञान | – | 20 प्रश्न |
| सामान्य गणित | – | 10 प्रश्न |
| कुल | – | 120 प्रश्न |

टिप्पणी–(1) **पत्र–1 (भाषा ज्ञान) की परीक्षा में न्यूनतम अर्हतांक 30 प्रतिशत होगा। न्यूनतम अर्हतांक से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए चयन हेतु असफल/अयोग्य माने जायेंगे। प्राप्त अंक मेधा निर्धारण के लिए नहीं जोड़ा जायेगा।**

(2) **पत्र–2 जनजातीय/क्षेत्रीय/अन्य भाषा ज्ञान तथा पत्र–3 सामान्य ज्ञान की परीक्षा में कोई न्यूनतम अर्हतांक नहीं होगा।**

(3) **पत्र–1 भाषा ज्ञान की परीक्षा में न्यूनतम अर्हतांक 30 प्रतिशत अथवा इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के पत्र–2 एवं पत्र–3 में प्राप्त अंकों को जोड़ कर कुल अंकों के आधार पर मेधा का निर्धारण किया जायेगा।**

(4) **प्रत्येक पत्र की परीक्षा की अवधि दो घंटे की होगी।**

**9.4 मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रम :–**

**(I) <u>पत्र–1 (भाषा ज्ञान)</u>**

**(क) हिन्दी भाषा ज्ञान :–**

(i) हिन्दी अनुच्छेद पर आधारित प्रश्न – 20 प्रश्न

(ii) हिन्दी व्याकरण पर आधारित प्रश्न – 60 प्रश्न

इस विषय में हिन्दी अपठित अनुच्छेद (Unseen Passage) तथा हिन्दी व्याकरण पर आधारित प्रश्न रहेंगे।

**<u>पत्र–1 (अंग्रेजी भाषा ज्ञान)</u>**

**(ख) अंग्रेजी भाषा ज्ञान :–**

(i) अंग्रेजी अनुच्छेद पर आधारित प्रश्न – 10 प्रश्न

(ii) अंग्रेजी व्याकरण पर आधारित प्रश्न – 30 प्रश्न

इस विषय में अंग्रेजी अपठित अनुच्छेद (Unseen Passage) तथा अंग्रेजी व्याकरण पर आधारित प्रश्न रहेंगे।

**(II) <u>पत्र–2 (जनजातीय/क्षेत्रीय/ अन्य भाषा ज्ञान)</u>**

विभिन्न भाषाओं से सम्बन्धित विस्तृत पाठ्यक्रम **परिशिष्ट**–VII के रूप में विवरणिका के साथ संलग्न है।

**(III) <u>पत्र–3 (सामान्य ज्ञान)</u>**

**(क) सामान्य अध्ययनः–** इसमें प्रश्नों का उद्देश्य अभ्यर्थी के आस–पास के वातावरण की सामान्य जानकारी तथा समाज में उनके अनुप्रयोग के संबंध में उसकी योग्यता की जाँच करना होगा। वर्तमान घटनाओं और दिन–प्रतिदिन की घटनाओं के सूक्ष्म अवलोकन तथा उनके प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण जैसे मामलों की जानकारी जिसे कि किसी भी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है। इसमें झारखण्ड राज्य एवं भारत देश के संबंध में विशेष रूप से यथा संभव प्रश्न पूछे जा सकते हैं। सम–सामयिक विषय– राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार, भारतीय भाषाऐं, पुस्तक, लिपि, राजधानी, मुद्रा, खेल–खिलाड़ी महत्वपूर्ण घटनाऐं। भारत का इतिहास, संस्कृति, भूगोल, पर्यावरण, स्वतंत्रता आंदोलन, भारतीय कृषि तथा प्राकृतिक संसाधनों की प्रमुख विशेषताएँ एवं भारत का संविधान एवं राज्य व्यवस्था, पंचायती राज, सामुदायिक विकास, झारखण्ड राज्य की सामान्य जानकारी।

(ख) **झारखण्ड राज्य से संबंधित ज्ञानः**–झारखण्ड राज्य के भूगोल, इतिहास, सभ्यता संस्कृति, भाषा–साहित्य, स्थान, खान खनिज, उद्योग, राष्ट्रीय आंदोलन में झारखण्ड का योगदान, विकास योजनाएँ, खेल–खिलाड़ी इत्यादि।

**(ग) सामान्य विज्ञान** :– सामान्य विज्ञान के प्रश्न में दिन–प्रतिदिन के अवलोकन एवं अनुभव पर आधारित विज्ञान की सामान्य समझ एवं परिबोध से संबंधित विषय रहेंगें, जैसा कि एक सुशिक्षित व्यक्ति से, जिसने किसी विज्ञान विषय का विशेष अध्ययन नहीं किया हो, अपेक्षित है।

**(घ) सामान्य गणित** :– इस विषय में सामान्यतः मैट्रिक/दसवीं कक्षा स्तर के अंक गणित से सम्बन्धित प्रश्न रहेंगे।

**9.5 <u>शारीरिक जाँच परीक्षा :–</u>**

ऊँचाई एवं सीने की माप का जाँच किया जायेगा। (महिलाओं की सिर्फ ऊँचाई की माप की जायेगी) उम्मीद्वारों की शारीरिक योग्यता कंडिका–5 के अनुरूप होगी।

**दौड़:–**

(क) पुरूषों के लिए 10 कि0मी0 60 मिनट में।

(ख) महिलाओं के लिए 05 कि0मी0 40 मिनट में।

शारीरिक जाँच परीक्षा का प्रपत्र **परिशिष्ट**–IV के रूप में विवरणिका के साथ संलग्न है।

**9.6 चिकित्सीय परीक्षा :–**

i) लिखित एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में उतीर्ण अभ्यर्थियों का चिकित्सीय परीक्षण जिला के असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में अथवा उनके द्वारा गठित चिकित्सा पर्षद द्वारा किया जायेगा।

ii) **अभ्यर्थियों के शारीरिक बनावट में मुड़ा घुटना, धनु पैर, समतल पैर, स्पीत शिरा, ऊँगलियों का उचित ढंग से नहीं घुमना, दृष्टिदोष, कलर ब्लाईडनेश (Colour Blindness) / रतौंधी (Night Blindness), Hearing, Stammering, Bericocele/ Hydrocele/ Piles और Any Communicable Physical/ Mental disease आदि की चिकित्सीय परीक्षण की जायेगी।**

चिकित्सीय जाँच परीक्षा का प्रपत्र **परिशिष्ट**–V के रूप में विवरणिका के साथ संलग्न है।

iii) चिकित्सा पर्षद द्वारा दिये गये निर्णय के विरूद्ध अपिल के लिए Apex Medical Board, अधीक्षक, राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान, राँची की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय चिकित्सा पर्षद, राँची होगा। प्रावधानित चिकित्सीय जाँच परीक्षा में लिये गये निर्णय के विरूद्ध अपील के लिए Apex Medical Board भी गठित किया जायेगा।

Apex Medical Board के द्वारा चिकित्सीय जाँच परीक्षा का प्रपत्र **परिशिष्ट**–VI के रूप में विवरणिका के साथ संलग्न है।

**10.0 मुख्य परीक्षा के आधार पर मेधा सूची का निर्माण :**

(i) आयोग द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा के उपरांत शारीरिक जाँच एवं चिकित्सीय परीक्षा में उतीर्ण अभ्यर्थियों की मेधा सूची लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र–2 एवं पत्र–3 में प्राप्त कुल अंको के योगफल के आधार पर तैयार की जायेगी। लिखित परीक्षा में निम्न न्यूनतम अर्हतांक से कम अंक पाने वाले <u>अभ्यर्थी चयन हेतु अयोग्य माने जायेंगे एवं उनको</u> मेधा–सूची में शामिल नहीं किया जायेगा:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | अनारक्षित | – | 40 (चालीस) प्रतिशत |
| (ख) | अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति | – | 32 (बत्तीस) प्रतिशत |
| (ग) | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग– (अनुसूची–1) | – | 34 (चौतीस) प्रतिशत |
| (घ) | पिछड़ा वर्ग– (अनुसूची–2) | – | 36.5(छत्तीस दसमलव पाँच) प्रतिशत |
| (ङ) | महिला | – | 32 (बत्तीस) प्रतिशत |

(ii) मेधा–सूची में एक से अधिक उम्मीदवारों के प्राप्तांक समान (Equal Marks) रहने पर मेधा का निर्धारण उम्मीदवारों की जन्म तिथि के आधार पर किया जायेगा तथा अभ्यर्थी, जिनकी उम्र ज्यादा होगी, उन्हे अपेक्षाकृत ऊपर स्थान मिलेगा। यदि एक से अधिक उम्मीदवारों के प्राप्तांक और जन्म तिथि समान पायी जाती है, तो ऐसी स्थिति में उनके मैट्रिक समकक्ष अथवा अन्य अर्हता परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर वरीयता का निर्धारण किया जायेगा अर्थात मैट्रिक समकक्ष अथवा अन्य अर्हता परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को मेधाक्रम में उपर रखा जायेगा।

(iii) मेधा के आधार पर अनारक्षित पद के लिये तैयार मेधा सूची में समान मापदंड पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के आने की स्थिति में उक्त अभ्यर्थी की गणना अनारक्षित वर्ग के अनुमान्य पदों के विरूद्ध की जायेगी और उनके नाम के सामने उनका आरक्षण वर्ग भी वही होगा। इस सम्बन्ध में राज्य सरकार से प्राप्त अद्यतन निर्देशों का पालन किया जायेगा।

(iv) उपर्युक्त उप कंडिका (iii) के आधार पर मेधा–सूची प्रारूप गठित करने के पश्चात् यथा समय अपनी सुविधा के अनुसार आयोग के द्वारा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के सहयोग से विज्ञापित पदों पर नियुक्ति के लिये चयन हेतु निर्धारित पात्रता/अर्हता संबंधी प्रमाण पत्रों की जांच करायी जायेगी। **अतः अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र समर्पित करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर ले कि जिन प्रमाण पत्रों की विवरणी आवेदन पत्र में अंकित की जा रही है, व उनके पास उपलब्ध हैं। यह भी सुनिश्चित कर ले कि सभी प्रमाण पत्रों में उनका नाम, पिता का नाम, एवं जन्म तिथि जो अंकित है, उसे ही आवेदन पत्र में दर्ज किया जा रहा है।**

(v) **प्रमाण पत्रों की जांच के क्रम में यदि किसी कोटि के उम्मीदवार के आवेदन पत्र में अंकित दावों का सत्यापन नहीं हो पाता है और उनकी उम्मीदवारी रद्द हो जाती है, तो ऐसी स्थिति में सम्बन्धित कोटि में रिक्त पदों की उपलब्धता के आलोक में मेधा सूची से क्रम के अनुसार उम्मीदवारों को प्रमाण–पत्रों की जाँच के लिए आमंत्रित कर सकता है अथवा रिक्ति के सापेक्ष विवरणिका की कंडिका 10 (i) में प्रावधानित न्यूनतम अर्हतांक प्राप्त अभ्यर्थियों को मेधाक्रम से शारीरिक जाँच परीक्षा एवं चिकित्सीय जाँच परीक्षा के लिए चयन पर्षद के समक्ष भेज सकेगा।**

**11.0 परीक्षा शुल्कः–**

परीक्षा शुल्क रू0 800 (आठ सौ रूपये) है।

**परीक्षा शुल्क में छूटः–** झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा शुल्क रू0 200 (दो सौ रूपये) है। झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति कोटि से इतर कोटि के अभ्यर्थियों द्वारा रियायती दर पर परीक्षा शुल्क भरे जाने की स्थिति में उनके आवेदन पत्र को रद्द करते हुए उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जा सकती है। बिना परीक्षा शुल्क भुगतान किये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे और वे रद्द किये जा सकेगें। परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों को बैंक चार्ज का भी भुगतान करना होगा।

## 12.0 ऑन–लाईन आवेदन को भरने के लिए दिशा निदेश

**12.1** ऑन–लाईन आवेदन को भरने के लिए दिए गये दिशा निदेश का अक्षरशः पालन करें। आवेदन पत्र में प्रविष्ट सूचनाओं से पूर्ण संतुष्ट होने के पश्चात ही आवेदन पत्र को समर्पित (Submit) करें। आवेदन पत्र भरने के लिए आयोग के वेवसाईट www.jssc.nic.in पर जाएँ एवं Online Application for ECCE-2018 पर Click करें तथा आवेदन पत्र भरें।

**12.2** **जनजातीय/क्षेत्रीय/अन्य भाषा ज्ञान के तहत किसी भाषा का चयन करें।**

**12.3** **लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र–II में अभ्यर्थी को उस जनजातीय/क्षेत्रीय /अन्य भाषा ज्ञान की परीक्षा देनी होगी जिनका चयन उनके द्वारा किया गया है।**

**12.4** **आवेदकों को सूचित किया जाता है कि आवेदन Submit करने के पूर्व भरे गये आवेदन को ठीक से देख लें। यदि कोई त्रुटि है तो उसे सुधार कर ही आवेदन Submit करें। एक बार आवेदन Submit करने के पश्चात् की गई प्रविष्टियों में सीमित संशोधन का एकल अवसर अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा प्रदान किया जायेगा। इसके अधीन अभ्यर्थी अपने नाम में संशोधन नहीं कर पायेंगे। अनारक्षित कोटि/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/ पिछड़ा वर्ग के अधीन पूर्व में आवेदन Submit करने वाले अभ्यर्थी अपनी आरक्षण कोटि में संशोधन कर सकते हैं परन्तु अ॰ज॰जा॰ एवं ज॰जा॰ के अभ्यर्थी संशोधन लिंक के माध्यम से अनारक्षित कोटि/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/ पिछड़ा वर्ग का चयन नहीं कर सकते हैं। इसके अधीन निःशक्तजन प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, चयनित विषय, जन्म तिथि इत्यादि में सुधार का दावा मान्य होगा। उक्त सुविधा के बाद संशोधित प्रविष्टि के आधार पर ही आवेदक के सन्दर्भ में परीक्षा प्रक्रिया पूरी होगी तथा इसके उपरान्त किसी भी सोपान पर आवेदन की प्रविष्टि में संशोधन का अनुरोध मान्य नहीं होगा।**

12.5 ऑनलाईन आवेदन में अभ्यर्थियों के द्वारा जिन प्रमाण पत्रों की संख्या एवं तिथि का उल्लेख किया जाएगा उन प्रमाण पत्रों की मूल प्रति **सत्यापन** कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से **सत्यापन** हेतु प्रस्तुत करना होगा अन्यथा आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा /अभ्यर्थिता रद्द समझी जाएगी।

12.6 आवेदक अपने नाम की वर्त्तनी (spelling) वही लिखेंगे जो मैट्रिक के सर्टिफिकेट/अंक पत्र में अंकित है। सर्टिफिकेट/अंक पत्र में अंकित नाम और आवेदन पत्र में भरे गये नाम की वर्त्तनी (spelling) में अंतर नहीं होना चाहिये। आवेदन में नाम से संबंधित सूचना में नाम के आगे श्री/मिस्टर/श्रीमान् आदि शब्दों का व्यवहार नहीं किया जाय।

12.7 आवेदक के मैट्रिक सर्टिफिकेट/अंक पत्र में जो उनकी जन्म तिथि अंकित है, यथा– तिथि, महीना और वर्ष, वही आवेदन पत्र के यथा निर्धारित स्थान पर लिखेंगे।

12.8 आवेदन पत्र में अपलोड किया जाने वाला फोटो हाल का तथा रंगीन होना चाहिए। फोटो से अभ्यर्थी का चेहरा पूर्ण रूपेण एवं स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होना चाहिए। धूप चश्मा/टोपी के साथ खींचे गये फोटोग्राफ का व्यवहार न करें।

12.9 **आवेदन पत्र भरने के लिए सर्वप्रथम आयोग के वेवसाईट–www.jssc.nic.in पर जाएँ एवं online Application for ECCE-2018 को click करें। तत्पश्चात अपना पंजीकरण (Registration) करें। पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण होते ही आपके मोबाईल फोन एवं ईमेल पर पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड आ जायेगा। पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड**

**को नोटकर सुरक्षित रखें क्योकि भविष्य में लॉग–ईन करने के लिए इन दोनो की आवश्यकता होगी। पजींकरण संख्या एवं पासवर्ड प्राप्त होते ही आप पुनः लॉग–ईन करें एवं आप अपने बारे में विस्तृत सूचना अपलोड कर दें। जिस तिथि को आप यह कार्य पुरा कर लेते हैं उसकी अगली तिथि को 12.00 बजे मध्याह्न के पश्चात पुनः लॉग–ईन करें एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान कर दें। परीक्षा शुल्क भुगतान करने के 24 घंटे के बाद पुनः लॉग–ईन कर आप अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर दें तथा भरे हुए आवेदन का प्रिंटआउट अनिवार्य रूप से ले लें क्योंकि भविष्य में आयोग के साथ पत्राचार में आवेदन का प्रिंट आउट की प्रति संलग्न करना होगा।**

**13.0 आवेदन पत्र समर्पित करने की अवधि–**

**आवेदन पत्र में सभी सूचनाएँ भरा जाना अनिवार्य है अन्यथा Online आवेदन Submit नहीं हो पायेगा। ऑन–लाईन आवेदन भरने के लिए लिंक दिनांक 26.12. 2018 के 11:00 बजे पूर्वाह्न् से उपलब्ध होगा तथा आवेदन पत्र को भरने की अन्तिम तिथि 09.02.2019 की मध्य रात्रि तक होगी। अभ्यर्थी द्वारा प्रथमतः Online आवेदन पत्र में प्रारंभिक विवरण भरा जाएगा। उसके बाद परीक्षा शुल्क के भुगतान करने के लिए लिंक दिनांक 13.02.2019 तक उपलब्ध रहेगा। परीक्षा शुल्क भुगतान करने के बाद अपना रजिस्ट्रेशन संख्या डालकर आवेदन पत्र में परीक्षा शुल्क भुगतान का विवरण तथा अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करते हुए अपना आवेदन पत्र Submit करेंगे। इसके लिए लिंक दिनांक 16.02.2019 की मध्य रात्रि तक उपलब्ध रहेगा। दिनांक 09.02.2019 की मध्य रात्रि के बाद अभ्यर्थी अपना प्रारंभिक विवरण नहीं भर पायेंगे एवं रजिस्ट्रेशन नहीं कर पायेंगे। आवेदन पत्र को भरने के पूर्व अभ्यर्थी विज्ञापन एवं विवरणिका को डाउनलोड कर लें तथा विवरणिका की शर्तों के अनुसार आवेदन पत्र में सूचना अंकित करें।**

13.1 फोटो हस्ताक्षर अपलोड करते हुए आवेदन पत्र समर्पित करने की अंतिम तिथि से तीन दिनों के उपरान्त अर्थात् दिनांक 19.02.2018 की मध्य रात्रि से आवेदन पत्र की प्रविष्टि में सीमित संशोधन हेतु लिंक दिनांक 23.02.2019 की मध्य रात्रि तक आयोग द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा जिसके तहत विवरणिका की कंडिका 12.4 में वर्णित संशोधन अभ्यर्थी द्वारा किया जा सकता है।

**14.0 नियुक्तिः–**

**(i)** परीक्षा में सफलता सेवा में आरक्षी के पद पर नियुक्ति के लिये कोई अधिकार प्रदत्त नहीं करेगा, जब तक झारखण्ड सरकार का, ऐसी जांच के पश्चात् जो आवश्यक समझी जाय, समाधान नहीं हो जाता है कि अभ्यर्थी लोक सेवा में नियुक्ति के लिये अपने चरित्र और पूर्व वृत्त के सम्बन्ध में सभी प्रकार से उपयुक्त है।

**(ii)** सेवा में नियुक्तियाँ समय–समय पर कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2), अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1), एवं महिलाओं के लिये सेवा में विशेष प्रतिनिधित्व के सम्बन्ध में आदेशों के अध्यधीन होगी।

## 15.0 अन्यान्य

**15.1** आयोग द्वारा परीक्षाओं के संचालन के अवसर पर झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम, 2001 के प्रावधान प्रभावी होगा।

15.2 आवेदन में अंकित सूचनाओं एवं प्रविशिष्ठयों की पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी तथा किसी भी प्रकार की गलत जानकारी के लिए आवेदक स्वयं उत्तरदायी होंगे।

15.3 आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा के विषय पर अभ्यर्थी/उनके माता–पिता/अभिभावक द्वाराः–

**(i)** आवेदन प्रपत्र में गलत सूचना देने/गलत प्रमाण पत्र समर्पित करने/जालसाजी,

**(ii)** परीक्षा के दौरान अवैध तरीका अपनाने/नकल करने/फर्जी अभ्यर्थी को अपनी जगह पर परीक्षा में बैठाने/कदाचार करने में लिप्त पाये जाने,

**(iii)** प्रमाण पत्रों की प्रारम्भिक जाँच के अवसर पर आयोजित काउन्सेलिंग (counselling) के दौरान फर्जी प्रमाण–पत्रों/फर्जी पहचान के आधार पर नियुक्ति हेतु चयन सूची में स्थान पा जाने की स्थिति में वे निम्न दण्ड के भागी होंगे :–

**(क)** अभ्यर्थी की उम्मीदवारी समाप्त कर दी जायेगी।

**(ख)** अभ्यर्थी को आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में भाग लेने के लिये अगले 2 वर्षों के लिये वंचित कर दिया जायेगा।

**(ग)** अपराधिक घटना की स्थिति में अभ्यर्थी/उनके माता–पिता/अभिभावक यथास्थिति जो भी उत्तरदायी हो, के विरूद्ध विधि के अनुरूप कार्रवाई की जायेगी।

15.4 आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में अभ्यर्थियों की आवेदन पत्र/उम्मीदवारी निम्न अवस्थाओं में रद्द किया जा सकेगा :–

**(i)** अभ्यर्थी की उम्र परीक्षा में भाग लेने के लिये निर्धारित उम्र सीमा में नहीं होना।

**(ii)** शैक्षणिक योग्यता सहित निर्धारित अर्हताओं को पूरा नहीं करना।

**(iii)** निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा नहीं करना।

**(iv)** प्रमाण पत्रों की जाँच के अवसर पर उम्मीदवारी के समर्थन में आवश्यक अर्हताओं से सम्बन्धित यथा निर्धारित प्रमाण पत्रों की मूल प्रति निर्धारित समय सीमा के अन्दर प्रस्तुत नहीं करना।

**(v)** आयोग की परीक्षा में नकल करना।

**(vi)** आयोग की परीक्षा में अपने बदले किसी अन्य व्यक्ति को फर्जी ढंग से शामिल करना।

**(vii)** अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में गलत तथ्य देकर परीक्षा में शामिल होने का अधिकार पा जाना, जो किसी भी समय प्रमाणित हो। इस विषय पर आयोग को निर्णय लेने का अधिकार सुरक्षित होगा।

**(viii)** आयोग की परीक्षा में शामिल होने के लिये प्रवेश पत्र जारी होना अभ्यर्थी की उम्मीदवारी को संरक्षित नहीं कर सकेगा।

**(ix)** अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द करने के विषय पर निर्णय लेने के पूर्व उसे अपना पक्ष रखने के लिये समुचित अवसर दिया जायेगा तथा पूरे मामले पर सम्यक रूप से विचार करने के उपरान्त आयोग विधिसम्मत निर्णय लेगा।

**(x)** उम्मीदवारी को रद्द करने के विषय पर निर्णय की जानकारी अभ्यर्थी को यथासमय दी जायेगी।

**(xi)** परीक्षाफल प्रकाशन होने के 7 दिनों के अन्दर कोई भी परीक्षार्थी विहित प्रपत्र में निर्धारित शुल्क के साथ पुर्नमूल्यांकन के लिए आवेदन दे सकेगा। इसका यथाशीघ्र निष्पादन आयोग द्वारा करते हुए परीक्षार्थी को सूचित किया जायेगा।

**(xii)** किसी परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों द्वारा सामूहिक नकल/कदाचार किये जाने की शिकायत होने और जाँच में इसे प्रमाणित पाये जाने पर उक्त परीक्षा केन्द्र पर संपादित परीक्षा को रद्‌द करने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा। परीक्षा रद्‌द होने की स्थिति में पुनः उसकी परीक्षा नहीं ली जायेगी।

**(xiii)** परीक्षा की अवधि में किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र के बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

